# दुनिया का 1% वाहन भारत में, पर सड़कों पर हर घंटे 17 की मौत

## एक्सआईएसएस में सड़क सुरक्षा पर वेबिनार हुआ

सिटी रिपोर्टर. रांची

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) के ऑब्स्कुरा-द मीडिया क्लब और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) के छात्रों ने राइजअप संगठन के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर वेबिनार 'क्रॉस रोड्स' का आयोजन किया। वेबिनार में ऑब्स्कुरा और आरसीएसआर के 58 छात्रों ने भाग लिया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसेफ मारियानुस कुजूर ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन व स्विट्जरलैंड उन देशों में शामिल हैं जो यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, पर यह

### खराब ड्राइविंग और ब्लाइंड स्पॉट से दुर्घटना

राइजअप के ऋषभ आनंद ने बताया कि दुनिया में 11% सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं, जबकि देश में वाहन दुनिया का केवल 1% है। भारतीय सड़कों पर हर घंटे 17 लोगों की मौत होती है। गति से प्रभावित होने वालों में 16-25 आयु वर्ग के युवा प्रो-जोन में हैं। रोड रेज, खराब ड्राइविंग और ब्लाइंड स्पॉट मुख्य वजह हैं।

अफसोसजनक है कि अभी तक यातायात नियमों का सख्ती से पालन हम भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है। निजी व सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में आत्म-अनुशासित होना हमारे विवेक का हिस्सा होना चाहिए। वेबिनार को सफल बनाने में श्रेयस राजगढ़िया, रिशु सिंघानिया, आर्यन मिश्रा, श्रेया,प्रतीक्षा का योगदान रहा।

**PRESS – DAINIK BHASKAR**

# यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें: डॉ जोसेफ

**वेबिनार**

**रांची। प्रमुख संवाददाता**
जेवियर समाज सेवा संस्थान, रांची के मीडिया क्लब ऑब्स्कुरा और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन की ओर से सोमवार को सड़क सुरक्षा पर वेबिनार-क्रॉस रोड्स का आयोजन किया गया।

राइज अप संगठन के सहयोग से आयोजित इस वेबिनार में 58 छात्रों ने भाग लिया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर ने सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं। लेकिन यातायात नियमों का सख्ती से पालन भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है। कहा कि यह पहल एक बदलाव लाएगी और कई अनमोल जिंदगियों को बचाएगी। राइज अप के संस्थापक ऋषभ आनंद ने छात्रों से आग्रह किया कि यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में सड़क दुर्घटनाओं में, भारत लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है।

**PRESS – HINDUSTAN**

# एक्सआईएसएस में सड़क सुरक्षा पर वेबिनार

यातायात नियमों का सख्ती से पालन भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता में नहीं: डॉ...


जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के मीडिया क्लब ऑब्स्कुरा और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) की ओर से सोमवार को सड़क सुरक्षा पर वेबिनार- क्रॉस रोड्स का आयोजन किया गया। राइज अप संगठन के सहयोग से आयोजित इस वेबिनार में 58 छात्रों ने भाग लिया।

एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर ने सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं। लेकिन यातायात नियमों का सख्ती से पालन भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है। कहा कि यह पहल एक बदलाव लाएगी और कई अनमोल जिंदगियों को बचाएगी।

राइज अप के संस्थापक ऋषभ आनंद ने छात्रों से आग्रह किया कि यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में सड़क दुर्घटनाओं में, भारत लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है, जबकि दुनियाभर के वाहन में भारतीय वाहन सिर्फ 1 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं, बाकी पैदल चलनेवाले हैं। भारतीय सड़कों पर हर घंटे 17 लोगों की मौत होती है। वेबिनार का संचालन श्रेयस राजगढ़िया, रिशु सिंघानिया, आर्यन मिश्रा, श्रेया व प्रतीक्षा ने किया।

**PRESS – LIVE HINDUSTAN**

# एक्सआईएसएस में सड़क सुरक्षा पर वेबिनार का आयोजन



रांची : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के ऑब्स्कुरा- द मीडिया क्लब और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर), के छात्रों ने रविवार को राइज अप संगठन के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक वेबिनार 'क्रॉस रोड्स' का संयुक्त आयोजन किया। राइज अप एक गैर-सरकारी संगठन है जो सड़क सुरक्षा जागरूकता और वकालत के माध्यम से सुरक्षित सड़कों को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वेबिनार में ऑब्स्कुरा और आरसीएसआर के 58 छात्रों ने भाग लिया।

एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर एस जे, ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ₹यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन एवं स्विट्जरलैंड उन देशों में शामिल हैं जो यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, पर यह अफसोसजनक है की अभी तक यातायात नियमों का सख्ती से पालन हम भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ₹जीवन एक उपहार है, और हमें इसकी देखभाल करने की आवश्यकता है। हम अपने जीवन का ख्याल रखेंगे तभी हम दूसरों की देखभाल कर सकते हैं। यह पहल आज से एक बदलाव लाएगी और कई अनमोल जिंदगियों को बचाएगी इसके साथ ही ये पहल मानवता की भलाई भी सुनिश्चित करेगी।

**PRESS – FREEDOM FIGHTER**

# एक्सआईएसएस में सड़क सुरक्षा पर वेबिनार का आयोजन




<u>पंच संवाददाता</u>

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के ऑब्स्कुरा- द मीडिया क्लब और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर), के छात्रों ने रविवार को राइज अप संगठन के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक वेबिनार 'क्रॉस रोड्स' का संयुक्त आयोजन किया। राइज अप एक गैर-सरकारी संगठन है जो सड़क सुरक्षा जागरूकता और वकालत के माध्यम से सुरक्षित सड़कों को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वेबिनार में ऑब्स्कुरा और आरसीएसआर के 58 छात्रों ने भाग लिया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर एस जे, ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन एवं स्विट्जरलैंड उन देशों में शामिल हैं जो यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, पर यह अफसोसजनक है की अभी तक यातायात नियमों का सख्ती से पालन हम भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है। निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में आत्म-अनुशासित होना हमारे विवेक का हिस्सा होना चाहिए। आज का आह्वान खुद को और अन्य लोगों को बचाने का है।

**PRESS – PUNCH**

## एक्सआईएसएस में सड़क सुरक्षा पर वेबिनार का किया गया आयोजन

# सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित करें : डॉ. जोसेफ मारियानस कुजूर


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के ऑब्स्कुरा- द मीडिया क्लब और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर), के छात्रों ने विगत रविवार को राइज अप संगठन के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक वेबिनार 'क्रॉस रोड्स' का संयुक्त आयोजन किया। राइज अप एक गैर-सरकारी संगठन है जो सड़क सुरक्षा जागरूकता और वकालत के माध्यम से सुरक्षित सड़कों को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वेबिनार में ऑब्स्कुरा और आरसीएसआर के 58 छात्रों ने भाग लिया।



एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसेफ मारियानस कुजूर एस जे, ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन एवं स्विट्जरलैंड उन देशों में शामिल हैं जो यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, पर यह अफसोसजनक है की अभी तक यातायात नियमों का सख्ती से पालन हम भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है। निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में आत्म-अनुशासित होना हमारे विवेक का हिस्सा होना चाहिए। आज का आह्वान खुद को और अन्य लोगों को बचाने का है। उन्होंने आगे कहा, जीवन एक उपहार है, और हमें इसकी देखभाल करने की आवश्यकता है। हम अपने जीवन का ख्याल रखेंगे तभी हम दूसरों की देखभाल कर सकते हैं। यह पहल आज से एक बदलाव लाएगी और कई अनमोल जिंदगियों को बचाएगी इसके साथ ही ये पहल मानवता की भलाई भी सुनिश्चित करेगी। राइज अप के संस्थापक श्री ऋषभ आनंद ने कार्यक्रम के वक्ता होने के नाते छात्रों से आग्रह किया कि वे एक दूसरे को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए अनुस्मरण कराते रहे ।

**PRESS – RASHTRIYA NAVEEN MAIL**




# XISS में सड़क सुरक्षा पर वेबिनार का आयोजन

रॉंची

June 13, 2022 Social News Search Leave A Comment

रांची : ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान (XISS), रांची के ऑब्स्कुरा- द मीडिया क्लब और रोटरैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर), के छात्रों ने रविवार को राइज अप संगठन के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक वेबिनार 'क्रॉस रोड्स' का संयुक्त आयोजन किया. राइज अप एक गैर-सरकारी संगठन है जो सड़क सुरक्षा जागरूकता और वकालत के माध्यम से सुरक्षित सड़कों को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है. वेबिनार में ऑब्स्कुरा और आरसीएसआर के 58 छात्रों ने भाग लिया.

## निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर ने सभी को प्रोत्साहित किया

एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानस कुजूर एस जे, ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी को सुरक्षित रहने और दूसरों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा, "यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन एवं स्विट्ज़रलैंड उन देशों में शामिल हैं जो यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हैं, पर यह अफसोसजनक है कि अभी तक यातायात नियमों का सख्ती से पालन हम भारतीयों की सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है.

## जीवन एक उपहार है, इसकी देखभाल करने की आवश्यकता

निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में आत्म-अनुशासित होना हमारे विवेक का हिस्सा होना चाहिए. आज का आह्वान खुद को और अन्य लोगों को बचाने का है." उन्होंने आगे कहा, "जीवन एक उपहार है, और हमें इसकी देखभाल करने की आवश्यकता है. हम अपने जीवन का ख्याल रखेंगे तभी हम दूसरों की देखभाल कर सकते हैं. यह पहल आज से एक बदलाव लाएगी और कई अनमोल जिंदगियों को बचाएगी इसके साथ ही ये पहल मानवता की भलाई भी सुनिश्चित करेगी."

## यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करते रहें : ऋषभ आनंद

राइज अप के संस्थापक ऋषभ आनंद ने कार्यक्रम के वक्ता होने के नाते छात्रों से आग्रह किया कि वे एक दूसरे को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए अनुस्मरण कराते रहे. उन्होंने कहा, "हमारे दैनिक जीवन में सड़कों से हटकर चलना मुमकिन नहीं है. दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं में, भारत लगभग 11% का योगदान देता है, जबकि दुनियाभर के वाहन में भारतीय वाहन केवल 1% का योगदान दे रहे हैं, बाकी पैदल चलने वाले हैं. भारतीय सड़कों पर हर घंटे 17 लोगों की मौत होती है."

"गति से प्रभावित होने वालों में 16-25 आयु वर्ग के युवा प्रो-जोन में हैं. रोड रेज, विचलित ड्राइविंग और ब्लाइंड स्पॉट सड़क दुर्घटनाओं में योगदान देने वाले कुछ कारण हैं. हमें ऐसी सड़क दुर्घटनाओं के लिए एक विशेष चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता है. सीपीआर लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है," यह बताते हुए इस वेबिनार का समापन किया गया. इस वेबिनार को सफल बनाने में श्रेयस राजगढ़िया, रिशु सिंघानिया, आर्यन मिश्रा, श्रेया एवं प्रतीक्षा का योगदान भी रहा.

# PRESS – SOCIAL NEWS SEARCH